कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक –शिविरा–माध्य/संस्था/सी–4/रजीगृ/जीव विज्ञान/स्थानान्तरण/2019–20 दिनांक: 29.09.2019 के तहत् श्रीमती निरूपमा झा, व्याख्याता, जीव विज्ञान राबाउमावि कैथून, कोटा का स्थानांतरण राउमावि मोखमपुरा, कुशलगढ़, बांसवाड़ा एवं श्रीमती शाहीन राज़ा, व्याख्याता, जीव विज्ञान राबाउमावि खानपुर, झालावाड़ से राबाउमावि, कैथून, कोटा किया गया। श्रीमती निरूपमा झा द्वारा स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 3132/2019 निरूपमा झा बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य दायर की गई।

जिस पर माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर अपने आदेश दिनांक 30.10.2019 द्वारा स्थगन दे दिया गया। इस प्रकार राबाउमावि कैथून, कोटा में दोहरा पदस्थापन हो गया। दोहरे पदस्थापन के व्याख्याताओं को दिनांक 13.11.2019 को निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर में बुलाया गया। माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर के स्थगन के कारण श्रीमती शाहीन राज़ा को यथावत रखते हुए श्रीमती निरूपमा झा, व्याख्याता, जीव विज्ञान को उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में सहमति के आधार पर राउमावि केशोरायपाटन, बूंदी में पदस्थापित किया जाता है। यह आदेश दिनांक 03.12.2019 से प्रभावी होगा।

संबंधित संस्था प्रधान इनको नियत तिथि को शालादर्पण के माध्यम से कार्यमुक्त/कार्यग्रहण करवाया जाना सुनिश्चत करें।

(नथमल डिडेल)
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/मा/संस्था/सी–4/रजीगृ/दोहरा पदस्था.स्था./2019–20 दिनांक : 26/11/19

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रस्तुत है :–

1. संयुक्त विधि परामर्शी, विधि प्रकोष्ठ, जयपुर
2. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (विधि) जयपुर
3. संबंधित संयुक्त निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)
4. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक)
5. संबंधित संस्था प्रधान
6. संबंधित कार्मिक
7. अनुभाग अधिकारी विधि अनुभाग कार्यालय हाजा
8. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्।
9. निजी/रक्षित पत्रावली

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर